Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 जनवरी, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-january-2020

ढाका विश्वविद्यालय में हिंदी पीठ की स्थापना

बांग्लादेश स्थित ढाका विश्वविद्यालय जल्द ही देश के विधार्थियों के लिये ऑनर्स स्तर के अध्ययन की सुविधा हेतु एक हिंदी पीठ की स्थापना करेगा। ढाका में विश्व हिंदी दिवस पर बांग्लादेश में भारत की उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद जल्द ही एक हिंदी शिक्षक की नियुक्ति करेगी, जिसके बाद बांग्लादेश में उच्च अध्ययन के लिये हिंदी ऑनर्स का शिक्षण शुरू हो सकेगा। इसके अलावा दुनिया भर में बढ़ती हिंदी की लोकप्रियता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने भी हिंदी में साप्ताहिक शुक्रवार बुलेटिन की शुरुआत की है।

दुबई में भारतीय दूतावास पर तत्काल पासपोर्ट की सुविधा

दुबई में भारतीय दूतावास तत्काल योजना के तहत कुछ शर्तों के साथ उसी समय पासपोर्ट जारी करने की सुविधा प्रदान करेगा। प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के अवसर पर दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत द्वारा यह घोषणा की गई। इस योजना का लाभ उठाने के लिये आवेदकों को दोपहर से पूर्व आवेदन करना होगा और इसके लिये अतिरिक्त शुल्क भी लिया जाएगा। आवेदक को पासपोर्ट शाम तक उपलब्ध करा दिया जाएगा। यह घोषणा उन लोगों के लिये काफी लाभदायक साबित हो सकती है जिन्हें आपातकालीन स्थिति में यात्रा करनी पड़ती है।

7.35 प्रतिशत है खुदरा महँगाई दर

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) ने दिसंबर, 2019 के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित महँगाई दर के आँकड़े जारी किये हैं। आँकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में CPI आधारित महँगाई दर 7.26 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2018 में 1.50 प्रतिशत थी। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों के लिये CPI आधारित महँगाई दर दिसंबर, 2019 में 7.46 प्रतिशत आँकी गयी, जो दिसंबर 2018 में 2.91 प्रतिशत थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) की स्थापना मई 1951 में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों की सांख्यिकीय गतिविधियों के मध्य समन्वयन एवं सांख्यिकीय मानकों के संवर्द्धन हेतु की गई थी।

CRPF के नए महानिदेशक

वरिष्ठ IPS अधिकारी ए.पी. माहेश्वरी को केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। वर्ष 1984 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के IPS अधिकारी ए.पी. माहेश्वरी वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार, उन्हें उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख 28 फरवरी, 2021 तक के लिये CRPF का महानिदेशक बनाया गया है। ज्ञात हो कि CRPF के मौज़ूदा महानिदेशक आर.आर. भटनागर के 31 दिसंबर को

सेवानिवृत्त होने के बाद से CRPF के महानिदेशक का पद खाली था। क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव्स पुलिस के रूप में 27 जुलाई, 1939 को CRPF अस्तित्व में आया। जिसके पश्चात् 28 दिसंबर, 1949 को CRPF अधिनियम द्वारा इसे केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) के रूप में जाना जाने लगा। ज्ञात हो कि आंतरिक सुरक्षा के लिये यह भारत का प्रमुख केंद्रीय पुलिस बल है।